## खबर संक्षेप

### वक्फ बिल की खूबियां बताने हर विधानसभा में सम्मेलन घर-घर भी जाएगी भाजपा

**रायपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में शनिवार से अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए एक दिन पहले हुई प्रदेश स्तर की कार्यशाला में प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को जिम्मा दिया गया है। हर विधानसभा के साथ ही जिलों में सम्मेलन होंगे। इसमें मुस्लिम समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित करके उनको वक्फ बिल की खूबियों के बारे में बताया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ता मुस्लिम समाज के घर-घर भी जाकर बात करेंगे। वक्फ बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि इसको लेकर मुस्लिम समाज को पूरी जानकारी दी जाएगी।

### प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में तेजश्वनी ठाकुर रहे द्वितीय

**नरा।** शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के छात्रा तेजश्वनी पिता स्व. ताहरसिंह ठाकुर ( राजस्व निरीक्षक) ने कक्षा 9वीं में 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वे मम्मी पापा और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ, अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, एजीएस, अजजा शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज ने हर्ष जताया है।

### पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक हुई

**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक गायत्री मंदिर बेमचा प्रांगण में 1 मई को शाम 4 बजे हुई। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना भगत राम साहू, राधेश्याम दुबे, रमेश गुप्ता एवं भूषण लाल भोसले ने की। पश्चात पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य पीआर बारले की आकस्मिक निधन एवं पहलगाम में आतंकियों के हमले से दिवंगत लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंशनर ऐसोसिएशन के नए सदस्य प्रहलाद यादव का गुलाल से तिलक लगाकर श्रीफल के साथ चमन लाल साहू तथा वरिष्ठ सदस्य मुरलीधर पटेल द्वारा स्वागत किया गया।




**समस्या : जगह- जगह पेड़ गिरने से आवगमन रहा बाधित**

# आंधी-तूफान से जनजीवन प्रभावित, बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में इन दिनो मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। दिनभर तेज धुप के बाद शनिवार को शाम 05.30 बजे से तेज आंधी-तूफान के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। आंधी- तूफान के साथ ही बारिश भी हुई और देर रात समाचार लिखे जाने पर मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में बिजली बंद हो गई है जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं नेशनल हाईवे मार्ग सहित जंगल गांव जाने वाले मार्ग में जगह- जगह फिर पेड़ और वृक्ष और डंगाले गिर जाने से आवगमन बाधित हो रहा है। इन




दिनों शादी विवाह के चलते जगह- जगह पंडाल लगी हुई है लेकिन रोज हो रही आंधी-तूफान से पंडाल उखड़ गए और शादी विवाह कार्यक्रम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# विधायक की पहल से क्षेत्र में बोर खनन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ विभिन्न गांवों में जलसंकट भी गहराता जा रहा है। कई गांवों के जनप्रतिनिधियों ने विधायक के राजिम कार्यालय पहुंचकर पेयजल की संकट से निजात दिलाने बोरखनन की मांग की थी जिस पर विधायक रोहित साहू ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल संबंधित विभाग को निर्देशित कर आवश्यकताग्रस्त गांवों में बोरखनन के लिए गाड़ी भेजकर शीघ्र बोरखनन करने की व्यवस्था की। ग्राम पंचायत गाड़ाघाट की सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव, बिसु साहू, बीरेंद्र साहू, नारद ध्रुव, भूषण साहू, ग्राम पंचायत कुकदा सरपंच तुलसी ध्रुव, उपसरपंच अमरीका ध्रुव, तोरण कश्यप ग्राम पंचायत बासीन के भाजपा कार्यकर्ता कुंदन सेन, कल्याण ध्रुव, खेवन साहू, तुलु ध्रुव सहित ग्रामीणों ने बोरखनन के लिए गाड़ी पहुंचने पर प्रसन्नता प्रकट की।

### हैंडपंप खराब, दूर से लाते थे पानी

सरपंच व ग्रामीणों ने कहा कि हैंडपंप खराब होने के कारण दूर से पानी लाना पड़ता था, भूजल स्तर में लगातार गिरावट के कारण हैण्डपंप अब काम नहीं कर रहे हैं ऐसे में विधायक के प्रयासों से नया बोरखनन होने से निश्चित तौर पर अब पेयजल की समस्याओं का निदान हो सकेगा। विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं के निदान के लिए हमें और भाजपा की सरकार को चुना है जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र की जनता को पेयजल की समस्या न हों इसके लिए जो भी संभव होगा हमारे द्वारा प्रयास किया जायेगा। गर्मी में पेयजल की कमी न हो इसके लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जिस प्रकार मांग की जा रही है उसी के अनुरूप बोर खनन कराकर पानी की समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने का प्रयास किया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

### कटहल से लदा पेड़...



मैनपर। मैनपुर क्षेत्र में इस वर्ष कटहल की अच्छा पैदावार देखने को मिल रहा है। लगभग सभी कटहल वृक्षों में पत्ते से ज्यादा फल दिखाई दे रहे है। यह तस्वीर मैनपुर क्षेत्र के किसान मनोज नेताम के बाड़ी के कटहल वृक्ष का है, मैनपुर क्षेत्र में कटहल की बम्पर पैदावार के चलते लोगो के चेहरे में खुशी देखने को मिल रहा है।



# गुलमोहर का फूल लोगों को कर रहा आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गुलमोहर की फूल अपनी लाल और नारंगी रंग की चमक से लोगों को आकर्षित कर रहा है। ये फूल इस भीषण गर्मी के मौसम में दमक रहा है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मैनपुर नगर में सड़क किनारे जगह -जगह गुलमोहर के सूर्ख लाल चटक नारंगी फूल यहां से गुजरने वाले लोगों को ठिठक कर इस फूल को देखने मजबूर कर रहा है इसकी सुन्दरत देखते ही बन रही है।

# नगर साहू संघ ने चंदूलाल से टिन शेड की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर साहू संघ फिंगेश्वर के नेतृत्व में पूर्व सांसद व अध्यक्ष भंडार गृह निगम के चंदूलाल साहू से सौजन्य मुलाकात करते हुए नगर साहू संघ साहू छात्रवास भवन में टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत कराने का मांग पत्र सौंपा गया जिसे गृह भंडार निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने डीएमफ मद से स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। उक्त अवसर पर नगर साहू संघ के अध्यक्ष उमाशंकर साहू,वरिष्ठ सामाजिक सलाहकार कुंजबिहारी साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजू साहू, सचिव टिकेश साहू, उपाध्यक्ष मंथीर साहू, ग्रामीण अध्यक्ष फिंगेश्वर मुकेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दर्रीपार ठाकुर राम साहू, मिलाप राम साहू, चिलमन साहू उपस्थित थे।

# जाति जनगणना मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय :मिंजून



फिंगेश्वर। केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति की बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति जनगणना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है जिसका पूरा देश ने समर्थन किया है। पूर्व प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के मिंजून साहू ने बताया कि जिस जाति गत जनगणना को कांग्रेस द्वारा सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण आजादी के बाद भी नहीं कराया गया था उस जाति जनगणना को देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करने का निर्णय लिया है जिससे कि कांग्रेस एवं विपक्षी दल के नेताओं को एक बड़ा झटका लगा है। श्री साहू ने कहा कि सभी दल की सरकार जिनकी सरकार लंबे समय तक रही है वहीं लोग इनका विरोध करते थे। सन 1951 में पहली बार जाति जनगणना करने की शुरुआत की गई थी परंतु कांग्रेस को इसका नुकसान होने का डर नुकसान होने के कारण उन्होंने ठंडा बस्ते में डाल दिया था। 70 वर्षों तक जाति जनगणना नहीं कराई गई जो कि आज देश के प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस मांग को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने यह हमारी पुरानी मांग है करके श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं। जाति जनगणना लोगों को बहुमत के आधार पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करेगा और मोदी जी का मूल मंत्र है।सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास मूल मंत्र के साथ देश के एक मुख्य धारा में सभी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।इसलिए विपक्ष परेशान हो रहा है। साहू जी ने मोदी जी के प्रयास को साधुवाद दिया है।

### आंबा केंद्रों में चावल पेटी का वितरण

**मैनपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चावल को सुरक्षित रखने के लिए बकायदा बड़ा पेटी का वितरण किया जा रहा है जिससे बच्चों को जो चावल पका कर दिया जाता है वह सुरक्षित रह सके।





# सत्संग अज्ञानता से मुक्ति का है मार्ग : पंडित संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनेंद्र प्रसाद द्विवेदी एवं समस्त द्विवेदी परिवार पाण्डुका में शनिवार को पंडित संतोष अवस्थी के मुखारविंद से आत्मदेव की कथा, परीक्षित जन्म की कथा बताई गई और कहा कि बिना सत्संग हम मनुष्य का विवेक नहीं जागृत होता न ही मोक्ष की प्राप्ति होती है, और बिना संतो के सत्संग की प्राप्ति सुलभ नहीं होती। आत्म को परमात्मा से मिलाने के लिए हमें संतो का संग जरूरी है। द्वितीय दिवस की कथा में परमात्मा पर भरोसा एक चिड़िया ने शिकायत की। हे मेरे परमात्मा बड़ी मुश्किल से मैने घोसला बनाया था, आपने तूफान भेज दिया और मेरा घर उजड़ गया।

ऊपर से आवाज आई, तेरे घोंसले में सांप आया था, तुझे खाने के लिए इसलिए तूफान भेजा ताकि तुम जाग जाओ व उड़ सको और तुम्हारी जान सुरक्षित रहे। हमारी जिंदगी में कितनी मुसीबतें आती है हमको पता भी नहीं होता कि हमारा परमात्मा हमें किस तरह परेशानी से बचाता है। अगर तुम्हें लगता है कि परमात्मा तुम्हें कष्ट के पास ले आए है तो, भरोसा रखिए वो तुम्हें कष्ट के पार भी ले जाएंगे।

# पांचवीं बोर्ड परीक्षा में भेंडरी के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 15 वर्ष बाद लागू किए गए जिला स्तरीय केंद्रीय कृत पांचवीं बोर्ड शिक्षा सत्र 2024-2025 एवं स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में पालक शिक्षक संघ (पीटीएम) के बैठक आयोजित कर पालकों की उपस्थिति में बैठक का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विद्यालय में स्थित मां सरस्वती की मंदिर में पूजा अर्चना कर किया गया।कक्षा पांचवीं में दर्ज 21बच्चों में सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर शाला परिवार भेंडरी को गौरवान्वित किया। कक्षा पांचवीं में राधिका यादव पिता -माता लक्ष्मी डोमार यादव ने 85.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। लुप्तांजलि गोस्वामी एवं वेदांत सेन ने 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर एवं कुमुद साहू, ठामेश्वरी साहू ,पेशांत साहू ने 79 प्रतिशत अंक सयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।बाकी शेष बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा चौथी में युवराज साहू 95.5 % प्रथम स्थान, गगन साहू 93%द्वितीय स्थान एवं पायल साहू 88% तृतीय स्थान, कक्षा तीसरी में जयकुमार साहू 95% प्रथम स्थान पर एवं चंद्रकांत साहू 93%अंक के साथ द्वितीय एवं खुशबू ध्रुव 91%तृतीय स्थान।कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान पर तन्मय ध्रुव 98.6% द्वितीय हुसमिता साहू 96.6%तृतीय स्थान तान्या ध्रुव 88.6%कक्षा पहली में प्रथम स्थान पर खुशमिता ध्रुव 92.6 %द्वितीय क्षमा साहू 91.3%एवं तृतीय लोमेश साहू 84.6% प्राप्त किए।प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए बच्चों का गुलाल लगाकर एवं पुष्प भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। बैठक का संचालन शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा करते हुए परीक्षा परिणाम का अनुमोदन पालकों से करवाया गया एवं ग्रीष्म अवकाश में घर पर अगले कक्षा पाठयपुस्तक से तैयारी करने के साथ समर क्लास संचालित करने के सम्बन्ध में पालकों से चर्चा कर जानकारी दिया गया। शाला का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत प्राप्त होने पर सभी पालक सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बच्चों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम में प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी शिक्षक गण लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव,रेखराम निषाद, प्रदीपकुमार साहू ,सरपंच प्रतिनिधि मनीष साहू,अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति भूषण लाल साहू, उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी,उपसरपंच ऐलूराम साहू, मोहन साहू,वासु साहू, थनेश साहू,प्रीतम साहू, केशव सिंह ध्रुव, तोश कुमार साहू, शत्रुघ्न साहू, प्रेमलाल यादव, एमनलाल साहू, रूपेश्वर साहू, सोनू गोस्वामी, लक्ष्मी यादव, चित्ररेखा यादव, तारा बाई साहू एवं बच्चे उपस्थित रहे। आभार व्यक्त शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

**सेवानिवृत प्राचार्य मानिकपुरी को दी गई विदाई**

# शिक्षक समाज का आईना होता है: केडी मानिकपुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भसेरा में संकुल स्तरीय सेवानिवृत प्राचार्य केडी मानिकपुरी को विदाई दी गई। मुख्यअतिथि मानिक पुरी ने संबोधन मे शिक्षक को समाज का आईना बताया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं गुलाल से किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य के.डी.मानिकपुरी ने कहा कि शिक्षक समाज का आइना होता है।उन्होंने शैक्षिक जीवन के बिताए हुए पलों को स्मरण करते हुए कहा कि यह मेरे लिए अमूल्य उपहार है।बच्चों,पालकों एवं शिक्षकों के बीच बिताए हुए पल मुझे जीवन पर्यंत याद रहेंगे।मैंने काफी संघर्ष करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा हूँ।वे सेवानिवृत होने के पश्चात भी शाला में निःशुल्क सेवा देने की बात कहीं।विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने शिक्षा विभाग की तरफ से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर हम अपना कार्य निष्ठा एवं लगन के साथ करते हैं तो निश्चित ही सम्मान जरूर मिलता है। पीआर नेताम (प्राचार्य भसेरा) ने कहा कि मानिकपुरी सर बहुमुखी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके विचार एवं सादगी पूर्ण व्यवहार लोगों को प्रभावित करता है। पूरनलाल साहू (प्राचार्य बिजली) ने कहा कि एक शिक्षक अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को नई राह दिखाता है।मानिकपुरी सर की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ जीवन सुखमय होने की उन्होंने बाते कही।ईश्वर साहू सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि आपका जीवन सहज,सरल एवं सादगी पूर्ण रहा है।उनके जीवन लिए खुशहाली एवं दीर्घायु की कामना की। रूपसिंग साहू सेवानिवृत प्रधान पाठक ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। गुरु को भगवान से भी बड़ा माना गया है क्योंकि गुरु ही भगवान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर ईश्वरी मानिकपुरी धर्मपत्नी मानिकपुरी, रमेश कुमार साहू, लीला राम साहू पूर्व अध्यक्ष, नेहरू राम साहू, पूर्व सरपंच, संकुल समन्वयक कमलेश कुमार साहू, व्याख्याता घनश्याम कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, ईश्वरी कुमार तेली, बालकरण गायकवाड, रितु कंवर, अर्जुन सिंह नेताम, प्रधान पाठक बिसेलाल कुंजाम, तीजूराम रात्रे, कृष्ण कुमार साहू, राम अवतार यादव, शैलेंद्र साकार, कृपाराम नेताम, मनीषा साहू, भुनेश्वरी साहू, ज्योति ध्रुव, उषा साहू, बिमला साहू संकुल केन्द्र भसेरा के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### शिक्षक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है : तेजेंद्र

राधेश्याम साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। गुरु हमें आगे बढ़ने की मार्ग प्रशस्त करता है अतः हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। तेजेंद्र साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति ने कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती की समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। वहीं डीएल देवांगन व्याख्याता ने विदाई गीत गाकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता भोला मांडे व आभार व्यक्त अलका ध्रुव ने किया। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, कलम डायरी एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर प्राचार्य का सम्मान किया गया। वहीं शाला विकास समिति, ग्राम पंचायत, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा भी सम्मान किया गया।

